तापमान

भोपाल	23.7°	10.8°
इंदौर	24.5°	11.6°
जबलपुर	22.4°	8.4°
ग्वालियर	14.7°	6.5°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल: वर्ष 39 अंक 52,पृष्ठ 12)
शनिवार 20 जनवरी 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... आ रहे हैं रामलला...

खेल... आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में तीन दिन के...

व्यापार... सेबी प्रमुख ने आईपीओ निवेशकों को किया सावधान...


देश-विदेश... संघीय डिडिटल मुद्रा का नहीं होने देंगे निर्माण...

www.naiduniaonline.com

पीएम मोदी ने अमृत 2.0 योजना का किया उद्घाटन

15000 लाभार्थियों को सौंपी नए घर की चाबी

सोलापुर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी ने शुक्रवार सुबह महाराष्ट्र के सोलापुर में विकास परियोजनाओ का उद्घाटन किया। साथ ही सोलापुर के कुंभारी में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए बने घरों का भी उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार पहले ही दिन से प्रयास कर रही है कि श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन और ईमानदारी का राज हो। उन्होंने लोगों से 22 जनवरी को राम ज्योति जलाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह उनके जीवन से गरीबी हटाने की प्रेरणा होगी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है 'गारंटी पूरी होने की गारंटी । भगवान राम ने हमें किए गए वादों का सम्मान करना सिखाया और हम गरीबों के कल्याण और उनके सशक्तीकरण के लिए निर्धारित सभी लक्ष्यों को पूरा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के सोलापुर में राज्य में लगभग 2,000 करोड़ रुपये की आठ अमृत (कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन) परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत पूरे किए गए 90,000 से अधिक घरों को भी लाभार्थियों (शेष पेज 2 पर)

एविएशन मार्केट को मिलेगी नई ताकत

वहीं बेंगलुरू में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु, कर्नाटक में नए बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर परिसर का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम सिद्धारमैया भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु वह शहर है जो आकांक्षाओं को नवाचारों और उपलब्धियों से जोड़ता है। यह वह शहर है जो भारत की तकनीकी क्षमता को वैश्विक मांगों से जोड़ता है। बोइंग का यह नया ग्लोबल टेक्नोलॉजी सेंटर बेंगलुरु की पहचान को मजबूत करेगा। उन्होंने काह कि ये अमेरिका से बाहर बोइंग कंपनी की सबसे बड़ी फैसीलिटी होगी। इसलिए ये भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के एविएशन मार्केट को एक नई ताकत देने वाली है। मोदी ने कहा कि यह कैंपस मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के संकल्प को बढ़ावा देता है। ये कैंपस, भारत की प्रतिभा को दुनिया की प्रतिष्ठा को भी मजबूत करेगा। आज का ये दिन इस बात को भी सेलिब्रेट करता है कि एक दिन भारत इस सुविधा में एयरक्राफ्ट ऑफ द फ्यूचर को (शेष पेज 2 पर)

तीन दिवसीय दौरे पर चेन्नई पहुंचे मोदी, हुआ भव्य स्वागत

चेन्नई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन करने और विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ करने के लिए तमिलनाडु के तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को यहां पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। श्री मोदी त्रिची, रामेश्वरम और धनुषकोडी में विभिन्न मंदिरों में जाएंगे और पूजा-अर्चना करेंगे। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से यहां पहुंचने पर श्री मोदी का चेन्नई हवाई अड्डे पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन.रवि, मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं, शीर्ष सरकारी और पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया। यहां श्री मोदी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर पुलिस ने चेन्नई और राज्य के अन्य जिलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। ड्यूटी पर 22,000 पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है। उन्होंने डीडी पोधिगई चैनल का शुभारंभ किया। पहले यह चैनल डीडी तमिल के रूप में जाना जाता था। उन्होंने देश में प्रसारण क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 250 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ भी किया। श्री मोदी की आईएनएस अड्यार से नेहरू स्टेडियम तक की यात्रा के दौरान पूरे चार किलोमीटर के रास्ते में भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के झंडे लेकर खड़े थे।

प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रामलला विग्रह की पूजन प्रक्रिया शुरू

अयोध्या (एजेंसी)। रामनगरी अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर के गर्भगृह में शुक्रवार सुबह आसन पर विराजमान रामलला विग्रह की मनमोहक श्यामल प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अनुष्ठान की प्रक्रिया देश भर से यहां पधारे 121 प्रकांड विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरु की।

काशी से पधारे आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित,अरुण दीक्षित,सुनील दीक्षित,अशोक वैदिक,पुरुषोत्तम वैदिक के अलावा महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश,तमिलनाडु समेत देश के विभिन्न प्रांतो के 121 पंडितों ने प्रात:काल नौ बजे अरणिमन्थन से अग्नि प्रकट करायी। इसके पहले गणपति आदि स्थापित देवताओं का पूजन, द्वारपालों द्वारा सभी शाखाओं का वेदपारायण, देवप्रबोधन, औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास, कुण्डपूजन, पञ्चभूसंस्कार संपन्न हुआ। अरणिमन्थन द्वारा प्रगट हुई अग्नि की कुण्ड में स्थापना, ग्रहस्थापन, असंख्यात रुद्रपीठस्थापन, प्रधानदेवतास्थापन, राजाराम - भद्र - श्रीरामयन्त्र - बीठदेवता - अङ्गदेवता - आवरणदेवता - महापूजा, वारुणमण्डल, योगिनीमण्डलस्थापन, क्षेत्रपालमण्डलस्थापन, ग्रहहोम, स्थाप्यदेवहोम, प्रासाद वास्तुशशान्ति, धान्याधिवास सायंकालिक पूजन एवं आरती की जायेगी। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार राम मंदिर के गर्भगृह में आज रामलला विग्रह को औषधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास और सायंकाल धान्याधिवास को मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया जा रहा है।

इस अनुष्ठान में काशी के श्रद्धेय गणेश शास्त्री, द्रविड़ एवं प्रमुख आचार्य श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित शामिल हैं। गौरतलब है कि मूर्तिकार अरुण योगीराज के द्वारा तराशी गयी 51 इंच की प्रतिमा श्याम रंग की है, जिसका वजन दो टन बताया गया है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े सदस्य के अनुसार बुधवार को श्रीरामलला के दिव्य विग्रह को नव्य मंदिर में लाया गया था। विग्रह को पूरी तरह ढक कर रखा गया है। गुरुवार को पूरे दिन गर्भ गृह में कई तरह के अनुष्ठान संपन्न किए जाने के बाद भगवान के बाल स्वरूप को उनके नियत स्थान पर विराजमान किया गया है।

खास-खबरें

महुआ मोइत्रा ने खाली किया अपना सरकारी बंगला

नई दिल्ली (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को यहां अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया। उनके वकील ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि संपदा निदेशालय ने आधिकारिक बंगला खाली कराने के लिए सुबह एक दल भेजा था और इसके आसपास के इलाके में अवरोधक लगाए थे। मोइत्रा के वकील शादान फरासत ने पत्रकारों से कहा कि टेलीग्राफ लेन पर महुआ मोइत्रा के बंगले 9बी को प्राधिकारियों के पहुंचने से पहले आज सुबह 10 बजे खाली कर दिया गया।

ज्ञानवापी मस्जिद में आज होगी पानी की टंकी की सफाई

वाराणसी (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद में पानी की टंकी को साफ करने की अनुमति दिये जाने के बाद जिला प्रशासन ने शनिवार को सुबह नौ बजे से सफाई शुरू करने का फैसला किया है। उच्चतम न्यायालय ने 16 जनवरी को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद में पानी की टंकी की सफाई के लिए हिंदू महिला वादियों की एक अपील को अनुमति दे दी थी। यह टंकी उस जगह पर है जिसे सील कर दिया गया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में पानी की टंकी की सफाई का आदेश दिया था।

प्राथमिकता के साथ पूर्वोत्तर का विकास कर रही केन्द्र सरकारः शाह

शिलांग (एजेंसी)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि सरकार एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट और एक्ट फर्स्ट के तीन मंत्रों के साथ पूर्वोत्तर में प्राथमिकता के साथ विकास कार्यों को गति दे रही है। श्री शाह ने शुक्रवार को शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद के 71वें पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 75 वर्षों में से पिछले 10 वर्ष पूर्वोत्तर के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन 10 सालों में ढांचागत सुविधाओं के निर्माण से पूर्वोत्तर और दिल्ली तथा शेष भारत के बीच की दूरी कम हुई है , साथ ही मन का अंतर भी कम हुआ है। कई प्रकार की नस्लीय, भाषाओं, सीमाओं और उग्रवादी गुटों से संबंधित समस्याओं से जूझते पूर्वोत्तर में इन 10 वर्षों में एक नए और शांति के लंबे युग की शुरूआत भी हुई है। उन्होंने कहा कि यह दशक निश्चित रूप से पूर्वोत्तर के स्वर्णिम युग के रूप में माना जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर परिषद ने स्थापना के 50 साल में पूर्वोतर के सभी राज्यों को नीतिविषयक प्लेटफॉर्म देकर इस क्षेत्र के विकास की गति को बढ़ाने और उनकी समस्याओं के समाधान को सरल बनाने का काम किया है।

अयोध्या-उज्जैन का ऐतिहासिक संबंध रहा हैः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने महाकाल से अयोध्या जाने वाले प्रसाद-रथ को मानस भवन से प्रस्थान कराया

भोपाल(काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज हमारे सामने वर्तमान की अयोध्या नगरी का जो भौगोलिक स्वरूप है उसे दो हजार साल पहले सम्राट विक्रमादित्य के काल में जीर्णोद्धार कर नया रूप दिया गया था, भव्य मंदिर भी सम्राट विक्रमादित्य द्वारा बनवाया गया।

मध्यप्रदेश का विशेषकर उज्जैन का अयोध्या के लिए दो हजार साल पहले भी समर्पण रहा है। वह युग पुन- वापस आ रहा है, भगवान श्री राम पांच सौ साल के संघर्ष के बाद पुन: गर्भ गृह में विराजमान हो रहे हैं, प्रसन्नता का विषय है कि यह सब हमारे सामने ही घटित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति उज्जैन द्वारा अयोध्या में भगवान रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भेजे जा रहे 5 लाख लड्डू प्रसाद रथ के तुलसी मानस प्रतिष्ठान भोपाल से प्रस्थान के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इससे पहले मानस प्रतिष्ठान स्थित श्री सिद्ध रघुनाथ मंदिर में भगवान राम का पूजन अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री रामगोपाल सोनी द्वारा लिखित अयोध्या- मानव सृष्टि की प्रथम जन्मस्थली पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केसरिया ध्वजा लहराकर अयोध्या के लिए प्रसाद-रथ के रूप में चार ट्रक रवाना किये। प्रत्येक ट्रक में सवा लाख (शेष पेज 2 पर)

भारत का स्वास्थ्य देखभाल तंत्र असीमित आवश्यकता पूरी कर रहा हैः मांडविया

गुरुग्राम (एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा समय में भारत का स्वास्थ्य देखभाल तंत्र अत्याधुनिक नवाचार और सुलभता के साथ गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती स्वास्थ्य सेवाओं की असीमित आवश्यकता को पूरा कर रहा है। श्री मांडविया ने आज हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित प्रथम वैश्विक मल्टी-स्पेशियलिटी रोबोटिक्स सर्जिकल सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, हम एक ऐसे चौराहे पर खड़े हैं जहां एक दशक पहले, भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को नवाचार के साथ-साथ पहुंच और सामर्थ्य के संदर्भ में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। लेकिन भारत ने सामूहिक प्रयास और अटूट संकल्प से उल्लेखनीय प्रगति की है।

बिलकिस मामले में दोषियों को सुप्रीम कोर्ट से मोहलत नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के सात लोगों की हत्या के दोषियों की आत्मसमर्पण करने के लिए समय बढ़ाने की उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दोषियों की गुहार यह कहते हुए खारिज कर दी कि उनके आत्मसमर्पण के लिए मोहलत की मांग वाले आवेदनों में कोई ठोस आधार नहीं है, जिससे उस पर विचार किया जा सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि सभी दोषियों को 21 जनवरी को जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा।

भारत जैसे देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव को कोई जगह नहीं: खड़गे

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के विषय पर सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा है कि संसदीय शासन व्यवस्था को अपनाने वाले देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई स्थान नहीं है तथा उनकी पार्टी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध करती है।

समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजे सुझाव में खड़गे का यह भी कहना था कि एक साथ चुनाव कराने का विचार संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध है और यदि एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करनी है तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी। उन्होंने पत्र में कहा कि जिस देश में संसदीय शासन प्रणाली अपनाई गई हो, वहां एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार द्वारा एक साथ चुनाव के ऐसे प्रारूप संविधान में निहित संघवाद की गारंटी के खिलाफ हैं।

राम मंदिर के उद्घाटन से पहले जम्मू में सुरक्षा को लेकर अलर्ट, तलाशी अभियान तेज

जम्मू (एजेंसी)। अयोध्याा नगरी में 22 जनवरी को राम मंदिर में होने जा रहे रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से अलर्ट हैं। जम्मू में भी सुरक्षा व्यवस्थां को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षा एजेंसी ने चेताया है कि समारोह से पहले आतंकी जम्मू-कश्मीर में किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं, जिसके बाद प्रदेश भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने आशंका जताई है कि अयोध्याा राम मंदिर समारोह के उद्घाटन से पहले आतंकी संगठन प्रदेश में आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। एजेंसी ने अलर्ट किया है कि पाक समर्थित आतंकी प्रदेश में किसी सैन्य ठिकाने या महत्वपूर्ण इमारतों को निशाना बना सकते हैं। इस अलर्ट के बाद पूरे जम्मू में सरहद से लेकर शहर तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। शहर भर में पुलिस अर्ध सैनिक बल और जम्मू कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप की टीम औचक नाके लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं।

स्पेशल खबर *गिलहरी के शरीर पर कैसे उभरी धारियां, रामायण...*

श्रीराम से जुड़ा है किस्सा,अयोध्या में भी दिखेगी मूर्ति

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर तैयार हो गया है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को धूमधाम से की जानी है। अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के गर्भगृह में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिए कई तैयारियां की गई है। भगवान राम की नगरी में उन किरदारों को भी अहमियत दी गई है, जिन्हें शायद आम जनता भूल गई है।

इसी कड़ी में माता सीता को रावण के चंगुल से बचाने के लिए जब समुद्र में सेतु निर्माण का काम किया जा रहा था तो इसमें सबसे अहम भूमिका वानरों की थी। हमेशा वानरों को ही इस कार्य का श्रेय दिया जाता है। मगर एक किरदार ऐसा भी था जिसके छोटे छोटे प्रयासों की बदौलत ही राम सेतु निर्माण सफल हो सका है। इसी किरदार को योगी सरकार ने भी खास सम्मान दिया है। दरअसल राम सेतु निर्माण के दौरान वानर बड़े बड़े पत्थरों पर भगवान श्रीराम लिखकर पानी में डाल रहे थे। ये सभी पत्थर पानी में तैरने लगे थे। पुल बनाने के लिए तेजी से वानरों ने पत्थरों को पानी में डालना शुरू किया।

इसी बीच एक गिलहरी भी थी जो पत्थर उठाने में भले ही असमर्थ थी मगर वो कंकड़ों को उठाकर समुद्र में लगातार डाल रही थी। वानरों ने जब गिलहरी को कंकड़ समुद्र में फेंकते देखा तो उसका मजाक उड़ाया और गिलहरी को समुद्र से दूर रहने की हिदायत दी। गिलहरी अपना मजाक बनता देख आहत हुई और भगवान राम के पास पहुंचकर वानरों की शिकायत की। इसी बीच प्रभु श्रीराम राम सेतु को देखकर वानरों को बताते हैं कि अगर गिलहरी उन कंकड़ों को पानी में ना डालती तो उनके द्वारा समुद्र में फेंके गए पत्थर पानी में बिखर गए होते। गिलहरी द्वारा डाले गए कंकड़ों के कारण ही पत्थर आपस (शेष पेज 2 पर)

राहुल की लोस सदस्यता बहाली को चुनौती की याचिका खारिज

नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल करने की सात अगस्त 2023 की अधिसूचना रद्द करने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने लखनऊ के वकील अशोक पांडे की याचिका खारिज करने के साथ-साथ उन्हें आदेश दिया कि इस अदालत का समय बर्बाद करने के एवज में वह एक लाख रुपए जमा करा दें। पीठ ने पांडे की याचिका को तुच्छ बताते हुए कहा कि इस तरह की याचिकाओं का मतलब केवल शीर्ष अदालत और इसकी रजिस्ट्री का कीमती समय बर्बाद करना है।